कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
सवाई माधोपुर

क्रमांक : स्था./प.15/आदेश/ए/2022/212 दिनांक 28.11.2022

आदेश

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेश क्रमांक 20/विविध/2022 दिनांक 21.11.2022 के अनुसरण में दिनांक 25.12.2022 से 31.12.2022 तक शीतकालीन अवकाशावधि में (1) जिला एवं सेशन न्यायाधीश, सवाई माधोपुर, (2) न्यायाधीश, विशिष्ट न्यायालय, अजा/अजजा (अ.नि.) प्रकरण, सवाई माधोपुर (3) अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, सवाई माधोपुर, (4) अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं. 01, गंगापुर सिटी (5) अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं. 02, गंगापुर सिटी के न्यायालय बन्द रहेंगे, परन्तु वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्तर का न्यायालय राजपत्रित अवकाश/सार्वजनिक अवकाशों को छोड़कर बिन्दु सं. (अ) में अंकितानुसार अवधि में खुला रहेगा।

(अ) शीतकालीन अवकाशावधि में जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीशों (उक्त पांचो) की अनुपस्थिति में पूरे सवाई माधोपुर न्यायक्षेत्र में सेशन खण्ड के ऐसे आवश्यक आवेदन पत्र, जो सेशन न्यायालय के समक्ष पेश किये जावेंगे या लम्बित है, उनके निस्तारण हेतु निम्न अधिकारीगण को आदेशित/अधिकृत किया जाता है:–

क्र. सं.	न्यायिक मजिस्ट्रेट का नाम व पद	अवधि	न्यायालय का नाम जहां अधिकारी को उपस्थित रहना है (बैठक का स्थान)
1.	श्री नगेन्द्र मीना, अति. मु. न्या. मजिस्ट्रेट, बौंली	दिनांक 25.12.2022 से 28.12.2022 तक	न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर
2.	श्रीमती कृष्णा राकेश कांवत, अति. मु. न्या. मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर	दिनांक 29.12.2022 से 31.12.2022 तक	न्यायालय अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर

नोट – उक्त शीतकालीन अवकाशावधि में दिनांक 25.12.2022 से 28.12.2022 तक न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर एवं दिनांक 29.12.2022 से 31.12.2022 तक न्यायालय अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर में पदस्थापित कर्मचारी अपने–अपने पदस्थापन न्यायालय में कार्य करेंगे।

(ब) माननीय उच्च न्यायालय के आदेश क्रमाक 20/विविध/2022 दिनांक 21.11.2022 में दिये निर्देशानुसार सवाई माधोपुर मुख्यालय पर स्थापित विशिष्ट न्यायालय (विशेष न्यायालय, पोक्सो एक्ट, सवाई माधोपुर) के पीठासीन अधिकारी शीतकालीन अवकाशावधि में कम से कम 02 बार न्यायालय में आवश्यक कार्य हेतु बैठेंगे।

(स) इसी प्रकार उक्त सेशन न्यायालयों के अतिरिक्त सवाई माधोपुर न्यायक्षेत्र के अन्य समस्त अधीनस्थ न्यायालयों के जमानत एवं निरोध अवधि की अभिवृद्धि (रिमाण्ड) संबंधी तथा अन्य आवश्यक सिविल मामलों को निपटाने के लिए सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेटों को आदेशित एवं अधिकृत किया जाता है :–

क्र. सं.	न्यायिक मजिस्ट्रेट का नाम व पद	अवधि	न्यायालय का नाम जहां अधिकारी को उपस्थित रहना है (बैठक का स्थान)
1.	श्रीमती कृतिका शेखावत अति. सि. न्या. एवं न्या. मजि. सं. 01, गंगापुर सिटी	दिनांक 25.12.2022	न्यायालय अति. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर
2.	श्रीमती श्वेता अग्रवाल सि. न्या. एवं न्या. मजि., खण्डार	दिनांक 26.12.2022 से 28.12.2022 तक	
3.	सुश्री नेहा वर्मा, न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, गंगापुर सिटी	दिनांक 29.12.2022 से 30.12.2022 तक	न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर
4.	सुश्री आकांक्षा मीना, अति. सि. न्या. एवं न्या. मजि. सं. 02, गंगापुर सिटी	दिनांक 31.12.2022	

नोट – उक्त शीतकालीन अवकाशावधि में दिनांक 25.12.2022 से 28.12.2022 तक न्यायालय अति. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर एवं दिनांक 29.12.2022 से 31.12.2022 तक न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर में पदस्थापित कर्मचारी अपने–अपने पदस्थापन न्यायालय में कार्य करेंगे।

(द) श्री कृष्णा राकेश कांवत, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर दिनांक 01.01.2023 को सवाई माधोपुर न्यायक्षेत्र के रिमाण्ड आदि का आवश्यक कार्य करेंगी।

दिनांक 25.12.2022 का सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

28/11/2022
(अतुल कुमार सक्सेना)
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
सवाई माधोपुर

D:\dj\orders\Winter Vacation.docx